# डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उ0प्र0

सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ–226031

**पत्रांकः** ए0के0टी0यू0/स0वि0/2022/18301 **दिनांकः** 19 जनवरी, 2023

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध
के समस्त संस्थान।

विषयः भारत की अध्यक्षता में होने वाले जी–20 सम्मेलन के प्रदेश में व्यापक प्रचार–प्रसार एवं जन सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु "**RUN FOR G-20**" के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

महोदय कृपया उपरोक्त विषयक शासन के पत्र संख्या 189(1)/सोलह–1–2023 दिनांक 18 जनवरी, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें (प्रति संलग्न)।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जी–20 सम्मेलन के प्रदेश में व्यापक प्रचार–प्रसार एवं जन सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु "**RUN FOR G-20**" के आयोजन के सम्बन्ध में शासन द्वारा गयी अपेक्षा के क्रम में कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त लखनऊ जनपद के विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थाओं से अपेक्षा है कि दिनांक 21.01.2023 को लखनऊ में होने वाले वाकाथॉन एवं मैराथान में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को **G20lucknow.com** पर पंजीकरण करना सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः यथोक्त।**

भवदीय,

**(डॉ0 आर0के0 सिंह)**
उप कुलसचिव

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।**

1. कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

**(डॉ0 आर0के0 सिंह)**
उप कुलसचिव

**ई-मेल/महत्वपूर्ण/समयबद्ध**
**संख्या-189(1) /सोलह-1-2023**

**प्रेषक,**

प्रभाकर चन्द्र मिश्र,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

**सेवा में,**

कुलपति,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ।

**प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-1** **लखनऊः दिनांकः18 जनवरी,2023**

**विषयः**- भारत की अध्यक्षता में होने वाले जी-20 सम्मेलन के प्रदेश में व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जन सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु "RUN FOR G-20" के आयोजन के संबंध में ।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक नगर विकास अनुभाग-5, उ0प्र0 शासन के पत्र सं0-90/नौ-5-2023-76सा0/2022टी.सी. दिनांक-16.01.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा जी-20 सम्मेलन के अन्तर्गत चयनित चारों जनपदों लखनऊ, वाराणसी, आगरा व ग्रेटर नोएडा में दिनांक-21.01.2023 को होने वाले आयोजनों मैराथन, वाकाथॉन, स्पोर्ट्स मीट, वाद-विवाद आदि प्रतियोगिताओं में प्राविधिक विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को उक्त आयोजन में प्रतिभाग करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत कराने का अनुरोध किया गया है।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त पत्र में किये गये अपेक्षा के क्रम में अग्रेत्तर आवश्यक दिशा-निर्देश/कार्यवाही समयान्तर्गत कराने का कष्ट करें।

**संलग्नकः यथोक्त**

**भवदीय,**

(प्रभाकर चन्द्र मिश्र)
संयुक्त सचिव

**संख्या एवं दिनांक तदैव।**

प्रतिलिपि कुलसचिव, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ को उपरोक्त के संबंध में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**आज्ञा से,**

(प्रभाकर चन्द्र मिश्र)
संयुक्त सचिव

198 19/1/23

720 19/1/23

Provc Sir / DR / Shri Anuj

N.A

19/01/23 Reg (AKTU)

AR (EA)

DR 19/1/23

संख्या 188 सो०ब०-प्रा०-शि०-1-2023

उत्तर प्रदेश शासन
नगर विकास अनुभाग-5
संख्या-90/नौ-5-2023-76सा0/2022टी.सी.
लखनऊ : दिनांक 16 जनवरी, 2023

प्रमुख सचिव,
प्राविधिक शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

कृपया जी-20 सम्मेलन की मेजबानी भारत द्वारा दिनांक 01.12.2022 से दिनांक 03.11.2023 के मध्य की जानी है, जिसके व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनसहभागिता सुनिश्चित करने हेतु दिनांक 21.01.2023 को सभी चयनित जनपदों में "RUN FOR G20" का आयोजन किये जाने विषयक, नगर विकास अनुभाग-5 के पत्र संख्या-6/नौ-5-2023-76सा0/2022, दिनांक 06.01.2023 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- उक्त के क्रम में अवगत कराया गया है कि उपर्युक्त जी-20 सम्मेलन के अन्तर्गत चयनित चारों जनपदों लखनऊ, वाराणसी, आगरा एवं ग्रेटर नोएडा में दिनांक 21.01.2023 को होने वाले आयोजनों में मैराथन, वाकाथॉन, स्पोर्ट्स मीट, वाद-विवाद आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है।

3- अतः इस संबंध में अनुरोध है कि कृपया उक्त चयनित जनपदों के अन्तर्गत आने वाले प्राविधिक विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं को उक्त आयोजन के अन्तर्गत मैराथन, वाकाथॉन, स्पोर्ट्स मीट, वाद-विवाद आदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोपरि।

(धर्मेन्द्र प्रताप सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या 411 प्रमुख सचिव/प्रा.शि./2023

JS

SO-1
17/01/2023

(सुनील कुमार त्रिपाठी)
निजी सचिव,
प्रमुख सचिव,
प्राविधिक शिक्षा एवं व्यावसायिक शिक्षा
तथा कौशल विकास विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

17/01/2023

G 20 UO2023 ARUN

संख्या-06/नौ-5-2023-76सा0/2022

प्रेषक,

**अमृत अभिजात,**
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

(1) मण्डलायुक्त, लखनऊ/ वाराणसी/आगरा/मेरठ।
(2) जिलाधिकारी, लखनऊ/ वाराणसी/आगरा/गौतमबुद्धनगर ।
(3) नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ वाराणसी/आगरा ।
(4) मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण, नोएडा।

नगर विकास अनुभाग-5

लखनऊः: दिनांक 06 जनवरी, 2023

**विषयः**- भारत की अध्यक्षता में होने वाले जी-20 सम्मेलन के प्रदेश में व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनसहभागिता सुनिश्चित करने हेतु "RUN FOR G20" के आयोजन के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि जी-20 सम्मेलन की मेजबानी भारत द्वारा दिनांक 01.12.2022 से दिनांक 03.11.2023 के मध्य की जानी है। उक्त सम्मेलन के अन्तर्गत भारत राष्ट्र की अध्यक्षता में 200 से अधिक बैठकें होंगी, जिसमें उत्तर प्रदेश में विभिन्न तिथियों में कुल 11 बैठकों का आयोजन लखनऊ, आगरा, वाराणसी एवं ग्रेटर नोएडा में होना प्रस्तावित है।

2- उक्त के क्रम में जी-20 की बैठकों हेतु चयनित जनपदों में जी-20 सम्मेलन के प्रदेश में व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनसहभागिता सुनिश्चित करने हेतु दिनांक 21.01.2023 को "RUN FOR G20" का आयोजन किया जाना है, जिसमें निम्न कार्यवाही की जायेः-

(1) आयोजन का मुख्य उद्देश्य जी-20 आयोजन के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार तथा जागरूकता फैलाना एवं इस कार्यक्रम में जन सहभागिता सुनिश्चित करना है।
(2) जी-20 आयोजन नगर के एक अथवा एक से अधिक स्थानों पर भी आयोजित किया जा सकता है।
(3) आयोजन अलग-अलग श्रेणियों में अलग-अलग दूरी का किया जा सकता है, यथा-महिला, पुरूष, छात्र, व्यवसायी, मीडिया इत्यादि एवं 1000 मी0, 2000 मी0, अथवा अधिक दूरी की। मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक प्रतिभागिता होनी चाहिए।
(4) उक्त कार्यक्रम एक या अधिक व्यक्तियों/कम्पनियों की स्पांसरशिप से कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।
(5) कार्यक्रम में प्रतिभागियों को टी-शर्ट, कैप इत्यादि, जिस पर जी-20 एवं स्वच्छ यू0पी0 का लोगो/चिन्ह अंकित हो, के साथ-साथ प्रशासन के हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र इत्यादि भी प्रदान किया जाये।
(6) कार्यक्रम में सुरक्षा, मार्ग-व्यवस्था, यातायात व्यवस्था इत्यादि का पूर्व आकलन कर लिया जाये तथा त्रुटिरहित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था तथा दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न न हो।

(7) कार्यक्रम में मेडिकल व्यवस्था, एम्बुलेंस इत्यादि का पूर्व से आकलन कर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

(8) कार्यक्रम को भारत अभियान से जोड़ते हुये साफ-सफाई तथा सुन्दरीकरण के अभियान चलाये जाये। कार्यक्रम उपरान्त साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की जाये।

(9) कार्यक्रम पूर्ण रूप से प्लास्टिक मुक्त होना चाहिए। इसके लिए समुचित व्यवस्था किया जाये।

(10) कार्यक्रम स्थल तथा दौड़ के मार्ग पर पुलिस तथा प्रशासन के अधिकारियों की जोन/सेक्टर में बॉट कर पर्याप्त तथा समुचित ड्यूटी लगाई जाये।

(11) कार्यक्रम में यथा स्थान जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों को भी समुचित आदर देते हुये आमंत्रण देकर कार्यक्रम में भाग लेने का अनुरोध किया जाये।

(12) उक्त आयोजन पर आने वाला व्यय-भार स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के आई0ई0सी0 मद से यथावश्यकता एवं नियमानुसार वहन किया जायेगा एवं प्रत्येक शहर हेतु उसकी अधिकतम सीमा रू0. 3.00 लाख हो सकेगी।

3- अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्त दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये उक्त आयोजन के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनसहभागिता के माध्यम से अपने स्तर पर दिनांक 21.01.2023 को "RUN FOR G20" का आयोजन कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

( अमृत अभिजात)
प्रमुख सचिव।